Title : Need to declare and develop places of religious importance in Gadchiroli-Chimur Parliamentary Constituency as

tourist places- Laid.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर): महाराष्ट्र राज्य के गड़चिरौली - चिमुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत तालुका चमोर्शी में मार्कंडा देवस्थान एक बहुत बड़ा धार्मिक स्थल है तथा यह काशी देवस्थान के नाम से भी प्रसिद्ध है। इस धार्मिक स्थल का बड़ा महत्व है तथा इस मंदिर के निकट से पवित्र वेणगंगा गुजरती है। वेणगंगा नदी के किनारे स्थित पवित्र मार्कंडा (देव) में भगवान शंकर जी का हेमाडपंती मंदिर है, जो मार्कंडेय ऋषि की तपस्या से पावन है। इस स्थल को विदर्भ का काशी भी कहा जाता है। यहां पर महाराष्ट्र राज्य के ही नहीं बल्कि देश के अन्य क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना होता है तथा महाशिवरात्रि पर्व पर यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगभग 15 - 20 लाख के आसपास होती है। इस धार्मिक स्थल का महत्व पुराणों में भी वर्णित है। लेकिन श्रद्धालुओं के लिए यहां पर जरूरी मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है।

मेरे गड़चिरौली - चिमुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत ही कछाड़गढ़, तालुका सालेकसा, जिला गोंदिया में लिंगोजंगो, जो आदिवासियों के देवता है उनकी एक प्रमुख एवं अति प्राचीन गुफा व मंदिर है। यह देश के आदिवासियों का एक बहुत बड़ा धार्मिक स्थल है तथा पर्वतीय क्षेत्र में स्थित है। यहां पर प्रत्येक वर्ष फरवरी माह में विशेष उत्सव के दौरान प्राचीन गुफा न मंदिर के दर्शन करने वाले आदिवासी श्रद्धालुओं की संख्या लगभग 40 से 50 साल तक पहुंच जाती है।

इसी प्रकार चंद्रपुर जिले की चिमूर तहसील में रामदेगी का पवित्र तीर्थ स्थल है। यहां पर भगवान राम का मंदिर है। यहां पर पौष (जनवरी) महीने में यात्रा होती है तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्तगण धार्मिक यात्रा में आते हैं।

अत: मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त सभी धार्मिक स्थल, जो जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र में स्थित है, के महत्व को देखते हुए इनको केंद्रीय पर्यटन की सूची में शामिल करते हुए इन सभी को पर्यटन के रूप में विकसित करने और उनका सौंदर्यकरण करने के साथ-साथ वहां पर मार्गो की मरम्मत, मजबूतीकरण कंकरीटीकरण करने, शौचालयों, धर्मशालाओं/सांस्कृतिक भवनों का निर्माण, आदिवासियों के कला-गुणों को विकसित किए जाने व पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु आवंटित करने का कष्ट करें।